दिनांक 05.04.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने तथा पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त करने नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा निगम क्षेत्र के सम्पूर्ण 70 वार्डों में श्रम शक्ति कल्याण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर के प्रथम दिवस 663 आवेदन नागरिकों से जमा करवाये गये हैं। योजनाओं की जानकारी लोगों को हो इस हेतु निगम द्वारा 11 रिक्शा तथा 05 प्रचार रथ में ध्वनि विस्तारक यंत्र तथा बेनर पोस्टर लगाकर प्रचार–प्रसार किया जा रहा है। आयुक्त के0एल0 चौहान ने श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र स्टेशन मरोदा के बीआरपी चौक में लगाये गये शिविर स्थल पर पहुंचकर हितग्राहियों से शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देकर उन्हे आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर में आवेदन जमा करने कि अपील की है। श्री चौहान ने बताया कि श्रम शक्ति कल्याण शिविर के माध्यम से निगम क्षेत्र में निवास करने वाले ऐसे हितग्राही जिनका पात्रता होते हुए भी अभी तक वे प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, श्रमिक पंजीयन प्रमाण–पत्र, दिव्यांग हितग्राहियों का यूडीआईडी कार्ड का लाभ नहीं मिल पाया है तथा 01 अप्रैल से राज्य शासन द्वारा लागु मुख्यमंत्री पेंशन योजना से लाभान्वित करने यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है जिसमें हितग्राही अपनी पात्रता के अनुसार आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य आवश्यक दस्तावेज के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होकर आवेदन करें। निगम के अधिकारी, कर्मचारी श्रमिक बाहुल्य बस्तियों में पहुंचकर व्यक्तिगत रुप से भी सम्पर्क कर शासन के योजनाओं का लाभ उठाने हेतु शिविर में आवेदन जमा करने प्रेरित किया जा रहा है। श्री चौहान शिविर के समापन पश्चात् शाम 5:30 बजे अपने कक्ष में सभी जोन आयुक्तों की बैठक लेकर शिविर की प्रगति की जानकारी प्राप्त किये और ज्यादा से ज्यादा हितग्राही इस शिविर का लाभ उठा सके तथा शासन की योजनाओं की जानकारी अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे इसके लिए आवश्यक निर्देश दिये। उन्होने अधिकारियों से कहा कि शिविर के बाद प्रतिदिन शाम को मेरे कक्ष में आप सब स्वयं उपस्थित होकर प्रगति की जानकारी देंगे।

जन सम्पर्क विभाग